बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
आदेश

संoसंo–03 / स्थाoराoअo(नियुक्ति–68वीं)–14 / 2024–525 (3) / राo, पटना, दिनांक–10.03.2026

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 68वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर बिहार राजस्व सेवा के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों का दिनांक–20.03.2024, 13.05.2024 एवं दिनांक–10.12.2024 को शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन (Verification of Certificates) कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपरोक्त वर्णित तिथियों को सत्यापन कार्यक्रम में अनुपस्थित सभी अभ्यर्थियों को एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक–30.01.2026 को शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों के सत्यापन (Verification of Certificates) हेतु **राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना** में आमंत्रित किया गया। परन्तु आयोग की 68वीं प्रतियोगिता परीक्षा से अनुशंसित अभ्यर्थियों को शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु पर्याप्त अवसर प्रदान किये जाने के बावजूद निम्नलिखित 05 (पाँच) अभ्यर्थी सत्यापन (Verification of Certificates) कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे :–

क्रo	मेधा क्रमांक	अनुक्रमांक	नाम	जन्म तिथि	लिंग	आयोग द्वारा आवंटित आरक्षण रोस्टर
1	2	3	4	5	6	7
1	1	529411	PRIYANGI MEHTA	26-01-01	FEMALE	01–सामान्य
2	106	437606	BHAVESH KUMAR TIWARI	23-10-96	MALE	01–सामान्य
3	114	111632	AVINASH SINGH	16-11-93	MALE	07–आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
4	131	350984	RASHMI RATHI	02-03-90	FEMALE	05–पिछड़ा वर्ग
5	204	533702	SIMRAN SHREYA	08-01-99	FEMALE	04–अत्यन्त पिछड़ा वर्ग

2. उक्त सभी अभ्यर्थियों को राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष पद पर नियुक्ति के निमित्त विभाग द्वारा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन (Verification of Certificates) हेतु पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया। तथापि, संबंधित सभी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। आयोग से प्राप्त अनुशंसा की अवधि एक वर्ष से अधिक पूर्ण हो चुकी है।

3. उपर्युक्त वर्णित स्थिति में सम्यक् विचारोपरान्त उक्त सभी अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

4. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

5. इस आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/lrc पर प्रकाशित है।

Sd/- 10.03.26

(सुधा रानी),
विशेष कार्य पदाधिकारी।

E:\2026\OFFICE Order\office order.docx 106

ज्ञापांकः–03/स्था0रा0अ0 (नियुक्ति–68वीं)–14/2024–525(3)/रा0, पटना–15, दिनांक–10-03-2026

प्रतिलिपि–सभी संबंधित अभ्यर्थियों को विभागीय वेब–साईट के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित।

Rani 10.3.26
(सुधा रानी),
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांकः–03/स्था0रा0अ0 (नियुक्ति–68वीं)–14/2024–525(3)/रा0, पटना–15, दिनांक–10-03-2026

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को विभागीय वेब–साईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

Rani 10.3.26
(सुधा रानी),
विशेष कार्य पदाधिकारी।